आईआईएम रांची में जर्नल का लोकार्पण

रांची, प्रमुख संवाददाता। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची ने आईआईएम रांची जर्नल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईआरजेएमएस) के प्रिंट संस्करण का लोकार्पण किया। यह अंतरराष्ट्रीय दायरे का ओपन-एक्सेस जर्नल है। आईआरजेएमएस एक द्वि-वार्षिक अंतरराष्ट्रीय पत्रिका है, जिसमें प्रबंधन के क्षेत्रों, अर्थशास्त्र और मनोविज्ञान जैसे संबंधित विषयों पर आलेख हैं।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु मौजूद थे। इसी के साथ आईपीएम पाठ्यक्रम के नए सत्र के विद्यार्थियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। औचारिक रूप से आईआईएम रांची जर्नल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के प्रिंट संस्करण का लोकार्पण किया गया। पद्म भूषण डॉ जगदीश शेठ ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से संस्थान को अपनी शुभकामनाएं भेजीं।



आईआईएम रांची में रविवार को 'आईआईएम रांची जर्नल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज' के प्रिंट संस्करण का लोकार्पण करते पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु, आईआईएम निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव व अन्य।

वहीं, मुख्य अतिथि सुरेश प्रभु ने वर्तमान में सही निर्णय लेकर भविष्य को आकार देने, अनिश्चितता और अशांति से निपटने के महत्व के बारे में बात की और बताया कि युवाओं को इन चुनौतियों का सामना करने के लिए कैसे तैयार किया जा सकता है। उन्होंने रोजगार सृजन और उद्यमिता जैसे विषयों पर आधुनिक शोध के दायरे के बारे में बात की। आईआईएम रांची के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने सत्र 2023-28, के विद्यार्थियों को इस पाठ्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया।

Hindustan_21.08.2023_Pg. 06